प्रत्याशियों को नाम निर्देशन पत्र भरने सहित निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी

बीकानेर,(कासं)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की समस्त पंचायत समिति मुख्यालयों पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा शनिवार को प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशालाएं आयोजित की गई।

इस दौरान संभावित प्रत्याशियों को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने, इस दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, आवश्यक दस्तावेजों एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करने, विभिन्न स्तर के प्रत्याशियों के खर्चे और वाहनों की सीमा, आचार संहिता की पालना तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों सहित अन्य बिन्दुओं की जानकारी दी गई।

जिला मुख्यालय पर बीकानेर और रूणिया पंचायत समिति क्षेत्र के पंच, सरपंच, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य के प्रत्याशियों का प्रबोधन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन मौजूद रहे और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं आयोजित होने से प्रत्याशियों को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने से लेकर निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि के प्रावधानों की जानकारी हो सकेगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार ऐसी कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। प्रत्याशी पूर्ण गंभीरता से इन कार्यशालाओं में भागीदारी निभाएं और सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त करें, जिससे छोटी-छोटी गलती के कारण नाम निर्देशन पत्र खारिज होने की संभावना ना रहे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के समक्ष प्रत्याशी अपनी जिज्ञासाएं रखें, जिससे उनके प्रश्नों का जवाब मिल सके।



'प्रत्याशी प्रबोधन' कार्यशाला को जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने संबोधित किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू ने बताया कि पंचायत राज चुनाव से जुड़े सभी प्रत्याशियों को अदेय प्रमाण पत्र (नो ड्यूज) उसी स्थिति में देना होगा, जब किसी भी पंचायती राज संस्था द्वारा उस प्रत्याशी को किसी प्रकार का डिमांड नोटिस जारी किया गया है। अन्यथा किसी प्रत्याशी के लिए नो ड्यूज की जरूरत नहीं रहेगी। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सहायक प्रभारी पंकज शर्मा ने आचार संहिता से जुड़े समस्त प्रावधानों की जानकारी दी।

वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी नटवर लाल आचार्य ने विधि एवं कानूनी बिन्दुओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों को पुलिस सत्यापन प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं रहेगी। मास्टर ट्रेनर डॉ. वाई. बी. माथुर और डॉ. सुरेन्द्र राठी ने नाम निर्देशन पत्र से जुड़ी जानकारी दी।

- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं, जिसमें चुनाव संबंधी सभी जानकारी दी जायेंगी

इस दौरान बीकानेर पंचायत समिति की रिटर्निंग अधिकारी और उपखंड अधिकारी महिमा कसाना, रुणिया पंचायत समिति की रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्वाति शर्मा, भाजपा के श्याम सिंह हाडला, कांग्रेस से प्रहलाद सिंह मार्शल, शिवलाल गोदारा, आरएलपी के दानाराम घिंटाला सहित विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि और प्रत्याशी मौजूद रहे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालयों पर प्रत्याशी प्रबोधन कार्यशालाएं आयोजित हुई।

करणी माता मंदिर आज से 24 घंटे खुला रहेगा

बीकानेर, (कासं)। देशनोक स्थित विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर में शारदीय नवरात्र के दौरान 10 अक्टूबर से मंदिर 24 घंटे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा। इस बार भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। आमतौर पर दो कतारों में दर्शन करवाए जाते हैं, लेकिन इस बार पांच कतारों की व्यवस्था की जायेगी।

नवरात्र की शुरूआत 11 अक्टूबर को घट स्थापना के साथ होगी। मंदिर में सुबह 9:32 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक विधिवत पूजा-अर्चना की जायेगी। पंडित नरोत्तम दास मिश्रा के सानिध्य में घट स्थापना होगी। इसी शुभ मुहूर्त में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने घरों में भी घट स्थापना कर मां करणी की आराधना करेंगे। नवरात्रि के साथ ही मंदिर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो जायेगा।

नवरात्रि में देशनोक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए वाहनों की पार्किंग के लिए करणी सागर मैदान निर्धारित किया गया है। इससे मंदिर के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में मदद मिलेगी। मंदिर ट्रस्ट की ओर से 250 से अधिक सेवादार लगाये गए हैं। ये दर्शन व्यवस्था संभालने, श्रद्धालुओं को रास्ता दिखाने, कतारों को व्यवस्थित करने और जरूरत पड़ने पर सहायता उपलब्ध कराने का काम करेंगे।

सार-समाचार

छात्रों-शिक्षकों ने ली समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ



पवनपुरी दक्षिण विस्तार स्कूल के छात्रों-शिक्षकों और अभिभावकों ने समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ ली।

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान की पहल पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनपुरी दक्षिण विस्तार बीकानेर में नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य किरण पंचारिया सहित शिक्षकों अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। महासंघ के जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ एवं जागरूक समाज का निर्माण किया जा सकता है। विद्यालय की संस्था प्रधान किरण पंचारिया ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज में भी नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान जागरूकता के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। महासंघ के प्रदेश सचिव रवि आचार्य ने बताया कि महासंघ द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

अग्रसेन की जयंती की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा निकाली



महाराजा अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर अग्रवाल समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली।

बीकानेर, (कासं)। महाराजा अग्रसेन की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को बीकानेर में अग्रवाल समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन के जीवन, आदर्शों और सामाजिक एकता का संदेश देती जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल समाज के साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह महाराजा अग्रसेन सर्किल पर श्रमदान के साथ हुई। समाज के लोगों ने श्रमदान कर स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया। इसके बाद विधिवत रूप से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में सजी-धजी जीवंत झांकिया विशेषत: ब्रिक्स 2026 की झांकी में भारत के प्रधानमंत्री मोदी, चाइना के राष्ट्रपति शी जिनपिंग व रूस के राष्ट्रपति पुतिन की झांकी तथा वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और भारत माता की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न पात्रों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और उनके जीवन से जुड़े संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। झांकियों को देखने के लिए जगह-जगह लोग एकत्रित हुए। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। स्वागत के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में अग्रवाल समाज के गणमान्य व्यक्ति सफेद कुर्ता-पायजामा और केसरिया साफा धारण कर शामिल हुए। वहीं महिलाएं लाल और पीली साड़ियों के साथ केसरिया साफे में पारंपरिक वेशभूषा में नजर आई। महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

सूरतगढ़ पालिका में कांग्रेस सिंबल पर जीते दो पार्षद भाजपा में शामिल

सूरतगढ़, (कासं)। नगर पालिका चुनाव के बाद सूरतगढ़ में कांग्रेस को कुछ ही दिनों में दूसरा बड़ा झटका लगा है। अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस खेमे के एक पार्षद की कथित क्रॉस वोटिंग से भाजपा का बोर्ड बनने के बाद अब कांग्रेस के सिंबल पर निर्वाचित दो पार्षद भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। वार्ड नंबर 6 के हरिराम स्वामी और वार्ड नंबर 7 के शिवशंकर नायक ने शनिवार को पालिकाध्यक्ष के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर और नगर मंडल अध्यक्ष गौरव बलाना ने दोनों पार्षदों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। दोनों पार्षदों ने अपने वार्डों में काम करवाने के लिए भाजपा में शामिल होने की बात कही।

नगर निगम चुनाव के बाद कांग्रेस व भाजपा में संगठनात्मक गुटबाजी जारी

बीकानेर, (कासं)। भाजपा के मेयर पद के प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह शेखावत की हार के बाद लोकल स्तर पर पार्टी में बदलाव होने लगे हैं। चुनाव संचालन समिति और बीकानेर पंचायत समिति के लिए बनी कमेटियों में अब फेरबदल होने लगा हैं। पिछले दिनों कांग्रेस पार्षदों के धरने में शामिल भाजपा पार्षदों की शिकायत भी जयपुर मुख्यालय तक की गई है।

- पार्टी के एक गुट ने मुख्यालय को शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पंचायत समितियों की कमेटियों में फेरबदल हो रहा है
- बीकानेर पंचायत समिति की कमेटी में अब भगवान सिंह मेड़तिया की जगह नया नाम जोड़ने की बात हो रही है
- मेडतिया ने कहा कि वे नवरात्रा के दौरान 9 दिन देशनोक में मौन व्रत करते हैं। ऐसे में पार्टी का काम नहीं कर सकते, मुझे हटाया नहीं गया

मेयर पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह शेखावत 20 वोटों के अंतर से हार गए थे। हालांकि पार्टी के 27 ही पार्षद थे और शेखावत को 30 वोट मिले थे। हालांकि खुद शेखावत ने सार्वजनिक तौर पर ये बयान दिया कि उन्होंने किसी की शिकायत नहीं की। भाजपा नेता व पार्षद श्याम सिंह हाड़ला का कहना है कि मैंने ही जिम्मेदारी लेने से मना किया था। किसी को नहीं हटाया। अगर कोई भी ये कहता है कि मुझे हटाया है तो वो उसकी अभिव्यक्ति की आजादी है।

पाटी के सूत्रों के अनुसार पंचायत चुनाव में जैसे ही पार्टी ने अलग-अलग पंचायत समितियों के लिए कमेटियों का गठन किया। वैसे ही निकाय चुनाव की पीड़ा सामने आ गई। पार्टी के एक गुट ने मुख्यालय को शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पंचायत समितियों की कमेटियों में फेरबदल हो रहा है।

बीकानेर पंचायत समिति की कमेटी में अब भगवान सिंह मेड़तिया की जगह नया नाम जोड़ने की बात हो रही है। इस पर मेड़तिया ने बताया कि उन्हें हटाया नहीं गया। अब तक इस बारे में कोई आदेश नहीं है। वो स्वयं नवरात्रा के दौरान 9 दिन देशनोक में मौन व्रत करते हैं। ऐसे में पार्टी का काम नहीं कर सकते। इस बारे में उच्च पदाधिकारियों को बता दिया गया है। उधर पाटी के एक और पार्षद को जिला चुनाव प्रबंधन समिति में शामिल किया गया था। इस निर्णय पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। कांग्रेस की ओर से नगर निगम में किए गए एक विरोध प्रदर्शन में भाजपा के कुछ पार्षदों के शामिल होने को भी मुद्दा बनाया गया है। इसके लिए पार्टी के प्रदेश मुख्यालय तक को शिकायत दर्ज करवाई गई है। भाजपा के ही कुछ पार्षदों ने इस संबंध में मुख्यालय को मौखिक रूप से भी शिकायत दी है कि कांग्रेस के प्रदर्शन में भाजपा पार्षद क्यों शामिल हुए।

साधुमार्गी जैन संघ का समर्पणा महोत्सव आज से

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ का संघ समर्पणा महोत्सव एवं 64 वां वार्षिक अधिवेशन 11 से 13 अक्टूबर तक गंगाशहर मार्ग स्थित आदिनाथ भवन में आयोजित किया जायेगा।

आचार्य प्रवर रामलाल, उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि एवं साधु-साध्वियों के आशीर्वाद से यह अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र गांधी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। संघ के राष्ट्रीय मंत्री सुरेश बच्छावत ने बताया कि 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे और शाम 7:30 बजे दो सत्रों में कार्यसमिति की बैठक होगी।

बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मंत्री, प्रवृत्ति संयोजक, आंचलिक प्रभारी एवं विशेष आमंत्रित सदस्य आगामी योजनाओं का खाका खीचेंगे। महिला समिति की राष्ट्रीय महामंत्री प्रीति डागा ने बताया कि इसी दिन महिला समिति की कार्यसमिति व आमसभा भी दो सत्रों में आयोजित होगी।

संघ प्रवृत्तियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए बीकानेर साधुमार्गी महिला समिति को इस दौरान प्रतिष्ठित गवरा शौर्य पुरस्कार से नवाजा जायेगा।

कार-बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

बज्जू,(कासं)। बज्जू-रणजीतपुरा सड़क मार्ग पर शुक्रवार रात कार और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान गौडू निवासी रामकुमार पुत्र बगडूराम बेनीवाल के रूप में हुई। हादसे के बाद शव को बज्जू उप जिला अस्पताल लाया गया।

- बज्जू-रणजीतपुरा सड़क मार्ग पर हुआ हादसा। दूसरी घटना देशनोक हाईवे पर हुई जिसमें दो बाइक भिड़ी, एक महिला सहित तीन घायल

शनिवार को परिजनों की सहमति से पोस्टमार्टम करवाया गया। द्वितीय थानाधिकारी नैनूसिंह ने बताया कि हादसे के संबंध में परिजनों की ओर से अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज नहीं किया है।

वहीं देशनोक हाईवे पर करणी गौशाला के पास शनिवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में बीकानेर निवासी बाबूलाल (45) और उषा देवी (40) दंपती शामिल हैं। साथ ही चूरू के लालगढ़ निवासी भवानी भी घायल हुए हैं।

बाबूलाल और भवानी की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद बीकानेर निवासी सन्नी वाढवा वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत तीनों घायलों को अपनी गाड़ी से देशनोक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए बीकानेर ट्रोमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

वहीं बीकानेर सेशन कोर्ट परिसर की अंडरग्राउंड पार्किंग से एक वकील की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में वकील की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाड़े में आग लगने से बछड़े की मौत, दो गाय झुलसी

नोखा, (कासं)। नोखा रायसर रोड पर जैन स्कूल के पीछे स्थित गौवंश आश्रय स्थल के बाड़े में दोपहर अचानक आग लग गई। हादसे में एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गाय गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंचे चिकित्सकों ने घायल गौवंश का उपचार शुरू किया।

घटना से क्षेत्र में रोष फैल गया और लोगों ने मृत बछड़े के शव को उपखंड कार्यालय ले जाकर प्रदर्शन किया। मगनाराम केड़ली ने बताया कि एक निजी स्कूल परिसर में दिन के समय कचरा जलाया जा रहा था। इसी दौरान उठी चिंगारी पड़ौस में स्थित गौवंश के बाड़े तक पहुंच गई और आग फैल गई। देखते ही देखते पूरा बाड़ा जल गया। कचरा व घास जलाने के दौरान 100 से ज्यादा हरे पेड़ भी झुलस गए। आग लगने से पीड़ित परिवार को 2 से 5 लाख रूपए के नुकसान का अनुमान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन कचरे का निस्तारण करने के बजाय उसे जलाकर छोड़ देता है। घटना के बाद मगनाराम केड़ली और पार्षद चेनाराम रेगर के नेतृत्व में लोग उपखंड कार्यालय पहुंचे और स्कूल संचालक के खिलाफ आगजनी व राजस्थान गौवंश अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से पीड़ित को मुआवजा देने और घायल गौवंश का इलाज कराने की मांग की।

देशनोक नगर पालिका की बैठक 20 को

देशनोक, (कासं)। देशनोक नगर पालिका में चुनाव पूरे होने के बाद अब विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासनिक काम तेज हो गए हैं। नगर पालिका की अध्यक्षा सरिता देवी मूंधड़ा ने नव-निर्वाचित बोर्ड की पहली साधारण बैठक बुलाने के लिए अधिशासी अधिकारी को पत्र जारी किया है।

यह बैठक 20 अक्टूबर को सुबह 11:15 बजे नगर पालिका कार्यालय, देशनोक (बीकानेर) के मुख्य सभागार में होगी। बैठक में नव-निर्वाचित पार्षदों का स्वागत और परिचय होगा। इसके अलावा देशनोक क्षेत्र के विकास कार्यों की प्राथमिकताओं और आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की जायेगी। जनहित से जुड़े दूसरे जरूरी मुद्दों पर भी बात होगी। अध्यक्षा सरिता मूंधड़ा ने बैठक के निर्देश दिए है।

ओबीसी हकों के मुद्दों को गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया

बीकानेर,(कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिन्द एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव के निर्देशानुसार संचालित 100 दिवसीय ओबीसी हक हुंकार अभियान के तहत शनिवार को रानी बाजार स्थित देहात कांग्रेस कार्यालय में बीकानेर देहात में चौथे सप्ताह के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण प्रथम चरण का आयोजन किया गया।

- कांग्रेस कमेटी ओबीसी देहात विभाग का ओबीसी हक हुंकार अभियान के तहत प्रशिक्षण सम्पन्न

मास्टर ट्रेनर्स के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग बीकानेर देहात के अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने की। कार्यक्रम में जिले के जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने कहा कि ओबीसी समाज को उसका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए जातिगत जनगणना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न ओबीसी समुदायों की वास्तविक सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के आंकड़े उपलब्ध होने से उनके अधिकार, प्रतिनिधित्व और कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। सरकार को जातिगत जनगणना की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आगामी पंचायती राज चुनाव 2026 को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा ओबीसी समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने का आव्हान किया।

जिला कांठोस कमेटी के संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने कहा कि ओबीसी हक हुंकार अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि पिछड़े वर्गों के अधिकार सम्मान और सामाजिक न्याय की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण जातिगत जनगणना और समान अवसर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

प्रथम और द्वितीय चरण के लिए रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

बीकानेर, (कासं)। पंचायती राज चुनाव 2026 के प्रथम और द्वितीय चरण के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को रविन्द्र मंच में आयोजित किया गया।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी मनु गर्ग ने रिटर्निंग ऑफिसर्स की पंचायत चुनाव में पंच एवं सरपंच के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, उनकी संवीक्षा, मत पत्र तैयार करने से लेकर मतगणना करवाने और परिणाम जारी करने तक के महत्वपूर्ण कार्यों के बारे बताया। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य रिटर्निंग अधिकारियों के पर्यवेक्षण में होंगे।

साथ ही जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों का मतदान ईवीएम से करवाना होगा। गर्ग ने कहा कि दो अलग-अलग प्रकार के चुनावों की प्रक्रिया को प्रत्येक कार्मिक पूर्ण गंभीरता से सामाजिक तथा इसकी अनुपालना करें। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी एवं राजस्थान पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव पंकज शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली जानकारी को पूर्ण सजगता और गंभीरता से सीखें। जिससे सम्पूर्ण प्रक्रिया व्यवस्थित और निर्बाध रूप से पूर्ण की जा सके। प्रशिक्षण के दौरान दक्ष मास्टर ट्रेनर्स द्वारा करीब तीन सौ अधिकारियों को जिला परिषद व पंचायत चुनाव तथा पंच सरपंच व उप सरपंच निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक जानकारी का गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए गए।



प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी मनु गर्ग ने पंचायत चुनाव में नाम निर्देशन से लेकर मतगणना करवाने प्रथम और द्वितीय चरण के लिए रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

- दक्ष मास्टर ट्रेनर्स द्वारा करीब तीन सौ अधिकारियों को जिला परिषद व पंचायत चुनाव तथा पंच सरपंच व उप सरपंच निर्वाचन से जुड़ी जानकारी दी

रैपिडो कैप्टन के साथ मारपीट व लूटपाट

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में एक रैपिडो कैप्टन के साथ मारपीट कर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। सरकारी हॉस्पिटल से नेक्सा शोरूम के सामने स्थित भाजपा ऑफिस के पास तीन बदमाशों ने चलती बाइक को धक्का देकर बाइक सवार कैप्टन को नीचे गिरा दिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट कर जेब से 1500 रूपए, मोबाइल फोन और स्पलेंडर प्लस बाइक छीनकर फरार हो गए। घटना सदर थाना क्षेत्र में बुधवार रात की है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में विनोद कुमार, सदभावना नगर (श्रीगंगानगर) ने बताया कि वह शहर में रैपिडो बाइक चलाता है। 7 अक्टूबर की रात करीब 10:30 से 10:45 बजे के बीच वह अपनी स्पलेंडर प्लस बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आये तीन युवकों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। उन्होंने उसे निशाना बनाया।

खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए

बीकानेर, (कासं)। कृषि गुण नियंत्रण विशेष रबी अभियान के तहत उद्यान विभाग के कृषि आदान निरीक्षक सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने सहयोगी उद्यानिकी अधिकारी रमेश भाम्भू के साथ शनिवार को आरडी 682 व पूगल क्षेत्र में 6 कृषि आदान विक्रेता परिसरों का निरीक्षण किया व 2 कीटनाशक के नमूने आनलाइन राज एग्रो क्यूसी ऐप के माध्यम से आहरित किए।

उद्यान विभाग के सहायक निदेशक गहलोत ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से जिले में कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर मिले, यह प्रयास किया जा रहा है। आगामी रबी फसलों की बुवाई के मध्यनजर उर्वरक की बढ़ती मांग के मध्यनजर किसानों को डीएपी के विकल्प के तौर पर सिंगल सुपर फास्फेट, एसएसपी और यूरिया के उपयोग की सलाह दी। एक बैग डीएपी के स्थान पर 3 बैग एसएसपी और 1 बैग यूरिया का उपयोग किया जा सकता है। इससे उपलब्ध पोषक तत्वों की लागत डीएपी की तुलना में कम होती है।

गहलोत ने बताया कि कृषि आदान बीज उर्वरक व कीटनाशी प्रावधानों में उल्लेखित नियमानुसार ही कार्य करते हुए आपूर्तिकर्ता किसानों को कृषि आदानों की गुणवत्तापूर्वक आपूर्ति सुनिश्चित करें। इसके प्रयास किये जा रहे हैं। कृषि आदान विक्रेता जारी वैध लाइसेंस अनुसार ही कृषि आदानों की बिक्री वैधानिक तरीके से सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान प्रगतिशील किसानों से भी संवाद कर जैविक खेती प्राकृतिक खेती उर्वरकों का विवेकपूर्ण उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया। वैज्ञानिक सिफारिश अनुसार संतुलित उर्वरकों के उपयोग हेतु किसानों को सलाह दी। उर्वकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने हेतु वैकल्पिक उर्वकों के उपयोग के को बढावा देने को कहा।